MAHD-06

December - Examination 2018

M. A. (Final) Hindi Examination

कथा – साहित्य

Paper - MAHD-06

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 80**

निर्देश : इस प्रश्न–पत्र के तीन खण्ड हैं – 'अ', 'ब' और 'स'। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(खण्ड – अ) **8 × 2 = 16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं। आप अपने उत्तर को एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम 30 शब्दों में दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) (i) 'नयी कहानी' से क्या तात्पर्य है?

(ii) हिन्दी के प्रथम उपन्यास एवं उपन्यासकार का नाम बताइये।

(iii) 'शेखर एक जीवनी' उपन्यास किस शैली में लिखा गया है?

(iv) 'मेरा दुश्मन' कहानी में कथानायक का दुश्मन कौन है?

(v) कृष्णा सोबती के किन्हीं दो उपन्यासों का नाम बताइये?

(vi) 'पत्नी' कहानी में पत्नी का क्या नाम है?

(vii) 'मधुआ' कहानी किस कहानी संग्रह से ली गई है?

(viii) 'महाराजा का इलाज' कहानी में महाराजा किस बीमारी से ग्रस्त हैं?

(खण्ड – ब) $4 \times 8 = 32$

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्द सीमा लगभग 200 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है।

2) 'जिन्दगी और जोंक' कहानी के नायक का चरित्र–चित्रण कीजिए।

3) सिद्ध कीजिए कि 'जिन्दगी और गुलाब के फूल' कहानी वर्तमान समय में बदलते सम्बन्धों की कहानी है।

4) कहानी और उपन्यास का अन्तर बताइये।

5) ''यशपाल ने 'महाराजा का इलाज' कहानी में सामन्ती जीवन पर व्यंग्य किया है।'' इस कथन की विवेचना कीजिए।

6) ''सिक्का बदल गया, कहानी में ऐतिहासिक यथार्थ का चित्रण हुआ है'' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

7) कहानी की संरचना किन तत्वों के आधार पर होती है? स्पष्ट कीजिए।

8) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

भारत–माता को स्वतन्त्र करना होगा और नीति–अनीति, हिंसा–अहिंसा को देखने का यह समय नहीं है। मीठी बातों का परिणाम बहुत देखा। मीठी बातों से बाघ के मुख से अपना सिर नहीं निकाला जा सकता। उस वक्त बाघ को मारना ही एक इलाज है।

9) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए –

अंधेरा हो चला था। बाजी बिछी हुई थी। दोनों बादशाह अपने–अपने सिंहासनों पर बैठे हुए मानों इन दोनों वीरों की मृत्यु पर रो रहे थे। चारों तरफ सन्नाटा छाया हुआ था। खंडहर की टूटी हुई मेहराबें, गिरी हुई दीवारें और धूलि–धूसरित मीनारें इन लाशों को देखती और सिर धुनती थी।

(खण्ड – स) **$2 \times 16 = 32$**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए। शब्द–सीमा अधिकतम 500 शब्द है। प्रत्येक प्रश्न 16 अंकों का है।

10) कृष्णा सोबती के उपन्यासों में व्यक्त समस्याओं को उद्‌घाटित करते हुए उसके उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

11) हिन्दी उपन्यास के विकास में मुन्शी प्रेमचन्द का योगदान रेखांकित कीजिए।

12) "मधुआ' कहानी का कथानक संक्षेप में लिखते हुए, उसके प्रमुख पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए।

13) किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए –

(i) स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी उपन्यास

(ii) गोदान उपन्यास का शिल्प

(iii) जैनेन्द्र की कहानी कला

(iv) उपन्यासकार – देवकीनन्दन खत्री